# प्रेस नोट थाना कांट
# जनपद शाहजहाँपुर
## दिनांक – 24.04.2025

**थाना कांट पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 134/25 धारा 191(2)/191(3) /190/103(1)/109(1)/131/115(2)/352/351(3) BNS में वांछित चल रहे 01 बाल अपचारी को किया गिरफ्तार**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना काँट के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम अपराध, बरामदगी अवैध शराब, शस्त्र, मादक पदार्थ एंव चोरी, लूट, डकैती, गौ तस्कर, जिला बदर अपराधी व वांछित/वारण्टी अपराधी की गिरफ्तारी के क्रम में थाना काँट पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई।

दिनाँक 16.03.25 को वादी धनपाल पुत्र गिरवर निवासी ग्राम कादरदादपुर उर्फ लिन्थरा थाना काँट जनपद शाहजहाँपुर की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कांट पर मु0अ0सं0 134/25 धारा 191(2)/191(3)/ 190/103(1 )/109(1)/131/ 115(2) /352/351(3) BNS बनाम शिवराज आदि 05 अभियुक्तों द्वारा वादी धनपाल के छोटे भाई राजकुमार को एक राय होकर लाठी डन्डो व हथियारो से लैस होकर जान से मारने की नियत से हमलावर होना व वादी के छोटे भाई राजकुमार की मारपीट करके हत्या कर देना तथा वादी के साथ मारपीट करना, वादी के परिवार वालो के साथ गाली गलौज करना तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग जाने के संबंध में पंजीकृत किया गया था।

उक्त अभियोग की विवेचना प्रभारी निरीक्षक थाना काँट श्री महेन्द्र सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है। घटना कारित करने के उपरान्त फरार अभियुक्तगण की गिफ्तारी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित कर लगातार अथक प्रयास किये जा रहे थे जिसके फलस्वरूप मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त शिवराज व ब्रजेश को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है व आज दिनाँक 24.04.2025 को 01 **बाल अपचारी** को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। अन्य शेष नामित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। विवेचना के दौरान बाल अपचारी की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 डण्डा बरामद की गयी। बाल अपचारी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार बाल अपचारी का विवरण –

बाल अपचारी

### पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 134/25 धारा 191(2)/191(3)/190/103(1)/109(1)/131/115(2)/352/351(3) BNS

### गिरफ्तारी का स्थान, दिनाँक –

दिनाँक 24/4/2025 पल्हौरा तिराहे से बहादुरपुर की ओर करीब 500 मीटर पहले, दिनाँक 24/4/2025

### बरामदगी का विवरण–

घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद डण्डा

### गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण

1.उ0नि0 श्री शुभम कुमार
2.हे0का0 294 इन्दल सिंह
3.का0 2752 अनुराग शाक्य